प्रेस विज्ञप्ति

नई दिल्ली, दिनांक: 08/10/2020

एन.एच.एस.आर.सी.एल. द्वारा 18 किमी पुल के निर्माण के साथ अहमदाबाद एवं साबरमती एच.एस.आर. स्टेशनों के डिजाइन तथा निर्माण के लिए बोलियों का आमंत्रण

नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने मुंबई-अहमदाबाद उच्च गति रेल गलियारे के लिए अहमदाबाद और साबरमती में एचएसआर स्टेशन सहित आनंद तथा साबरमती के बीच लगभग 18 किमी पुल के डिजाइन एवं निर्माण हेतु बोलियां आमंत्रित की हैं। इस मार्ग पर 6 (छह) स्टील ट्रस पुलों सहित 31 क्रॉसिंग ब्रिज का भी निर्माण किया जाना है।

पिछले कुछ दिनों में, एमएएचएसआर ने निर्धारित कुल परियोजना के करीब 64 प्रतिशत (508 किमी में से 325 किमी) को इन तकनीकी बोलियों में कवर किया है, जिसमें 12 स टेशनों में से (5) एचएसआर स्टेशन (वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच और आनंद/ नडियाड) शामिल हैं।

अन्य जानकारियाँ:

अहमदाबाद एचएसआर स्टेशन:

मुंबई अहमदाबाद उच्च गति रेल, पश्चिम रेलवे अहमदाबाद जंक्शन रेलवे स्टेशन से होकर गुजरेगी और मौजूदा अहमदाबाद जंक्शन स्टेशन के सरसपुर की तरफ से एकीकृत होगी। अहमदाबाद एचएसआर स्टेशन को प्लेटफार्म नं 10, 11 और 12 के ऊपर पूर्व की ओर (सरसपुर की तरफ) मौजूदा रेलवे लाइनों के ऊपर बनाया जाएगा।

एचएसआर स्टेशन का परिवहन के अन्य साधनों के साथ सहज एकीकरण सुनिश्चित करने के लिए, एनएचएसआरसीएल ने अहमदाबाद के लिए उपयोगकर्ताओं के अनुकूल स्टेशन खाका तैयार किया है यात्री परिवहन के लिए एक एकीकृत भवन की योजना मौजूदा रेलवे स्टेशन के पूर्व की ओर बनाई गई है, जहाँ यात्री तेजी से परिवहन के एक साधन से दूसरे का प्रयोग कर सकेंगे। यह भवन एस्केलेटर और लिफ्ट से सुसज्जित होगा और इसमें कई यात्री सुविधाएं, जैसे कि, बुकिंग कार्यालय, यात्री लॉबी, चाय / कॉफी कियोस्क और अन्य सुविधाएं आदि होंगी।

एकीकृत भवन, आईआर प्लेटफॉर्म से आने वाले यात्रियों के लिए पश्चिम रेलवे के एफओबी से कनेक्शन प्रदान करेगा और दूसरी तरफ यह सरसपुर की ओर भूमिगत मेट्रो स्टेशन से जुड़ा होगा।

मौजूदा रेलवे लाइनों के ऊपर एचएसआर स्टेशन का निर्माण काफी चुनौतीपूर्ण होगा। रेलवे पटरियों के साथ-साथ सिग्नलिंग और टेलीकॉम केबल, पाइपलाइन, इलेक्ट्रिकल केबल, ट्रैक आदि जैसी कई उपयोगी सेवाएं हैं, जिन्हें निर्माण गतिविधियों के शुरू होने से पहले स्थानांतरित किया जाना है। अहमदाबाद रेलवे स्टेशन के कार्यात्मक कार्यालयों को पहले ही स्थानांतरित कर दिया गया है। जारी अहमदाबाद मेगा मेट्रो निर्माण के साथ एचएसआर स्टेशन के निर्माण की गतिविधियाँ चलाना, अहमदाबाद रेलवे स्टेशन पर यात्री और कार्गो यातायात को बाधित किए बिना मौजूदा रेलवे लाइनों के ऊपर मनुष्यों और मशीनरी को चलाते रहना भी चुनौतीपूर्ण होगा।

साबरमती एचएसआर स्टेशन

साबरमती मुंबई-अहमदाबाद उच्च गति रेल गलियारे का टर्मिनल स्टेशन है, जिसे एनएचएसआरसीएल ने इस क्षेत्र का एक जीवंत मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब के रूप में विकसित करने की योजना बनाई है। एचएसआर स्टेशन के आसपास विभिन्न परिवहन साधनों के सहज एकीकरण के लिए साबरमती एचएसआर स्टेशन के पूर्व की ओर एक मल्टी-मोडल ट्रांजिट टर्मिनल के निर्माण की योजना बनाई गई है, जो एचएसआर स्टेशन के प्रभावित क्षेत्र में यातायात बाधित न हो, यह सुनिश्चित करेगा। मल्टी मॉडल इंटीग्रेशन योजनाएं इस स्टेशन के आसपास मौजूदा तथा नियोजित परिवहन सुविधाओं के एकीकरण पर केंद्रित करते हुए बनाई गई है। मौजूदा सड़क नेटवर्क के साथ मौजूदा आरओडब्ल्यू का क्षितिज वर्षों में अनुमानित यातायात के आने / जाने की योजना बनाने हेतु बेहतर तरीके से उपयोग किया गया है।



साबरमती एचएसआर स्टेशन के प्रस्तावित स्थान पर सीधे प्रवेश की सुविधा प्रदान करने हेतु एक नए **रोड अंडर ब्रिज** (आरयूबी) का निर्माण पहले ही हो चुका है। इससे दिन प्रतिदिन के आधार पर मौजूदा रेलवे नेटवर्क में व्यवधान के बिना स्टेशन के निर्माण की सुविधा मिलेगी।

सुषमा गौर
प्रवक्ता / एनएचएसआरसीएल
फोन - 9810296813